फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा निवासी वार्ड नं. 34 पो. देवगढ़–मदारिया तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 31/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 12.05.2025

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांक :– एफ.1( )सू0अ0,05/2025/374 दिनांक 05.05.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/ अपीलान्ट का आवेदन पत्र जरिये ऑनलाईन पोर्टल से दिनांक 15.03.2025 का सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत इस कार्यालय को 15.03.2025 को प्राप्त हुआ है। आरटीआई आवेदन के बिन्दु संख्या 01 से 03 की जो सूचना अपीलार्थी द्वारा चाही गई उसका संबंध प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग से होने से इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी अपीलार्थी का उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। आवेदन में ईप्सित बिन्दु संख्या 01 से 03 की सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग द्वारा पत्रांक 840 दिनांक 09.04.2024 से पृष्ठ संख्या 05 की सूचना उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार इस कार्यालय को उपलब्ध करवा दी गई, इस कार्यालय द्वारा अधिप्रमाणित सूचना आरटीआई पोर्टल पर क्रमांक 9331106457 दिनांक 24.04. 2024 से सूचना के अधिकार अधिनियम 05 की धारा 7(6) के तहत बिना किसी प्रभार के अपलोड कर सूचना उपलब्ध करवा दी गई। अतः प्रार्थी के आरटीआई आवेदन से चाही गई सूचना राजस्व अनुभाग में उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार आरटीआई पोर्टल पर क्रमांक 9331106457 दिनांक 24.04.2024 से सूचना के अधिकार अधिनियम 05 की धारा 7(6) के तहत बिना किसी प्रभार के अपलोड कर सूचना उपलब्ध करवा दी गई।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार आरटीआई पोर्टल पर क्रमांक 9331106457 दिनांक 24.04.2024 द्वारा बिना किसी प्रभार के अपलोड कर सूचना उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)